भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग
(पुराना मिन्टो रोड), नई दिल्ली – 110002

सत्यमेव जयते

TRAI

सं0 1-2/2017-प्र0 एवं का0 दिनांक : 23 फरवरी, 2017

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग,
केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय।
आर्मी मुख्यालय/नेवी मुख्यालय/ वायु सेना मुख्यालय।

विषयः- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा), मुख्यालय, नई दिल्ली में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के पदों को अन्यत्र सेवा शर्तो पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने संबंधी ।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा), संसद के अधिनियम अर्थात् भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के अंतर्गत स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) की स्थापना दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्रों को विनियमित करने, उपभोक्ताओं और सेवा प्रदाताओं के हितों का संरक्षण करने और क्षेत्र के व्यवस्थित विकास को प्रोत्साहित व सुनिश्चित करने के लिए की गई है। वर्ष 2004 में प्रसारण एवं केबल सेवा क्षेत्र से संबंधित कार्यो को विनियमित करने की जिम्मेदारी भी भादूविप्रा को सौपी गई।

2. संगठन की ओर से शुरु में दो वर्ष की अवधि के लिए अपने मुख्यालय, नई दिल्ली में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (Senior Research Officer) के पदों को अन्यत्र सेवा शर्तो पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने का प्रस्ताव करता है। योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण निम्न प्रकार हैः-

पद का नाम	वेतनमान/ वेतन बैंड	पात्रता मापदंड	योग्यता
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी	केन्द्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम, 2016 के तहत वेतन लेवल-11 (67700-208700 रुपये) एवं सरकारी नियमों के अनुसार साथ में भत्ते जैसे कि महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता आदि। *(पूर्व संशोधित वेतन पीबी-3, 15600-39100 रुपये + ग्रेड वेतन 6600 रुपये)*	केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम तथा सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के कर्मचारी :- i) नियमित आधार पर समकक्ष पद धारित करते हों या ii) उस ग्रेड में 4 वर्ष की नियमित सेवा के साथ कनिष्ठ समय मान (जे0टी0एस0) वाले अधिकारी या अनुभाग अधिकारी के ग्रेड में या अन्य समतुल्य या उच्च ग्रेड में 7 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी हो। साथ में अधिकारी को कंपयूटर में कार्य करने का आवश्यक ज्ञान होना चाहिए।	अनिवार्यः किसी मान्यता प्राप्त विश्वविघालय अथवा समकक्ष से अकाउंटेंसी, वाणिज्य, वित्त, अर्थशास्त्र, विज्ञान, मानविकी, लिबरल आर्ट्स, विधि, प्रबंधन और उपभोक्ता मामलों और दूरसंचार इंजीनियरिंग के क्षेत्र में डिग्री ।

3. नियुक्ति, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8-2009- स्था. (वेतन-II) दिनांक 17 जून 2010 साथ में समय-समय पर संशोधन के अंतर्गत अन्यत्र सेवा शर्तो पर प्रतिनियुक्ति आधार पर किया जाएगा। प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा भादूविप्रा द्वारा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि पर 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. सभी मंत्रालयों /विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उप्क्रमों, सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से अनुरोध किया जाता है कि ऐसे पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाओं को चयन होने की स्थिति में तत्काल प्रभाव से भादूविप्रा को उपलब्ध कराई जा सकती है, की विगत पांच वर्षो की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियों और सतर्कता/अनुशासनात्मक दृष्टि से मुक्त प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र (जिसे भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है) भेजने की कृपा करें। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का उल्लेख करते हुए, आवेदन पत्र वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्रशासन एवं कार्मिक), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जे0 एल0 नेहरु मार्ग (पुराना मिंटो रोड), जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप, नई दिल्ली-110002 के पास दिनांक 10 अप्रैल , 2017 तक या उससे पहले प्राप्त हो जाने चाहिए।

भवदीय

(एस0 एन0 तिवारी),
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र0एवंका0)
दूरभाष संख्याः 011-23664213/फैक्स संख्याः 23233017

सूचना के लिए आंतरिक वितरणः

1. अध्यक्ष महोदय के व0प्र0नि0सचिव , भादूविप्रा
2. सदस्य (ए) के व0प्र0नि0सचिव,भादूविप्रा।
3. सचिव के व0प्र0नि0सचिव,भादूविप्रा।
4. सभी प्रधान सलाहकार तथा सलाहकार(मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय), भादूविप्रा।
5. उप सलाहकार (आईटी)- कृपया परिपत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट में अपलोड करने की कृपा करें।
6. सूचना पठ, भादूविप्रा।